भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2373**

जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2023, अग्रहायण 27, 1945 (शक) को दिया जाना है

## केंद्रीय माल और सेवा कर, राज्य माल और सेवा कर तथा एकीकृत माल और सेवा कर का संग्रह

**2373: श्री सय्यद ईमत्याज जलील:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वित्त वर्षों के दौरान सभी वस्तुओं और सेवाओं से वर्ष-वार केंद्रीय माल और सेवा कर (सीजीएसटी), राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) तथा एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) की अलग-अलग कितनी-कितनी धनराशि एकत्र की गई है;

(ख) वर्ष 2014 से राज्यों को हस्तांतरित किए गए जीएसटी का राज्य-वार, विशेषकर तमिलनाडु का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इसका कितना भाग अपने पास रखा गया है;

(ग) विगत पांच वित्त वर्षों के दौरान आईजीएसटी खाते में अनिर्णित धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) आईजीएसटी खाते से, विशेषकर तमिलनाडु का, जीएसटी के राज्यों के भाग को हस्तांतरित करने में विलंब के क्या कारण हैं;

(ङ) सरकार द्वारा आईजीएसटी खाते का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने की संभावना है;

(च) क्या जीएसटी परिषद अथवा सरकार ने जीएसटी से पूर्व की अवधि के दौरान राज्यों द्वारा अनुमानित राजस्व संग्रहण और जीएसटी के बाद राज्यों को प्राप्त वास्तविक राजस्व की तुलना करने के लिए कोई अध्ययन कराया है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

**(क):** पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान केंद्रीय माल और सेवा कर (सीजीएसटी), राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) और एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) शीर्ष के तहत घरेलू लेनदेन पर माल और सेवा कर (जीएसटी) संग्रह का विवरण इस प्रकार हैं:-

(करोड़ रुपये में)

| वित्तीय वर्ष | सीजीएसटी | एसजीएसटी | आईजीएसटी |
|---|---|---|---|
| 2018-19 | 2,02,444 | 2,78,817 | 3,08,243 |
| 2019-20 | 2,27,442 | 3,09,231 | 3,19,422 |
| 2020-21 | 2,09,916 | 2,72,828 | 3,03,946 |
| 2021-22 | 2,69,137 | 3,44,216 | 3,85,314 |
| 2022-23 | 3,23,923 | 4,10,251 | 4,73,421 |

**(ख):** पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यों को आईजीएसटी निपटान का विवरण (नियमित और तदर्थ) और सरकार से संबंधित प्रमात्रा का विवरण **अनुबंध** के अनुसार है।

**(ग):** पिछले पांच वर्षों के दौरान आईजीएसटी की अनिर्धारित राशि का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

| वित्तीय वर्ष | राशि (करोड़ रूपए में) |
|---|---|
| 2018-19 | 0 |
| 2019-20 | 9,125.20 |
| 2020-21 | 7,251.43 |
| 2021-22 | 2,119.08 |
| 2022-23 | 4,748.29 |

(**घ) और (ङ):** जी नहीं, तमिलनाडु राज्य सहित राज्यों को आईजीएसटी के अंतरण में कोई देरी नहीं हुई है। जीएसटी संग्रह में सीजीएसटी, एसजीएसटी और आईजीएसटी शामिल होता है। सीजीएसटी को भारत के समेकित कोष (सीएफआई) में जमा किया जाता है जबकि एसजीएसटी को संबंधित राज्यों के समेकित कोष में जमा किया जाता है। आईजीएसटी को केंद्र द्वारा लगाया और एकत्र किया जा रहा है। इस प्रकार एकत्रित आईजीएसटी (घरेलू + आयात) का माल और सेवा कर निधियों का निपटान नियम, 2017 के तहत यथा-परिकल्पित अनुसार, उपभोग के स्थान और आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) के प्रति-उपयोग के आधार पर मासिक आधार पर (प्रत्येक माह के अंत तक) संघ और राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के बीच प्रभाजन / निपटान किया जाता है। आईजीएसटी की शेष अविभाजित राशि का केंद्र और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच समय-समय पर तदर्थ आधार पर 50:50 के अनुपात में अनंतिम/ अग्रिम निपटान किया जाता है।

**(च) और (छ):** राजस्व विभाग द्वारा मई 2023 में एक आंतरिक अध्ययन किया गया था, जिसका विवरण 24 मई 2023 को एक प्रमुख बिजनेस दैनिक में "जीएसटी एक गेम-चेंजर रहा है" शीर्षक से एक लेख में प्रकाशित हुआ था। अध्ययन का सार इस प्रकार है:

(i) 2018-19 से 2022-23 की अवधि के लिए सकल समग्र जीएसटी राजस्व (राज्य तथा केंद्र) की औसत वृद्धि दर औसत नाममात्र जीडीपी वृद्धि दर 9.8 प्रतिशत की तुलना में 12.3 प्रतिशत है, जो 1.25 के कर उछाल का संकेत देती है। इसकी तुलना में, 2012-17 की पांच साल की अवधि (जीएसटी से पहले की अवधि) के लिए, जीएसटी (राज्य प्लस केंद्र) में शामिल किए गए करों में उछाल केवल 0.9988 था।

(ii) 2018-23 के दौरान, राज्यों के एसजीएसटी राजस्व (राज्यों को जारी मुआवजे सहित) में 1.22 का उछाल देखा गया। इस अवधि में राज्यों को कुल ₹37.7 ट्रिलियन का राजस्व प्राप्त हुआ और इसमें ₹29.2 ट्रिलियन से अधिक के राजस्व पश्च निपटान सहित जीएसटी के बाद पांच साल की अवधि के दौरान जारी किया गया ₹8.5 ट्रिलियन का मुआवजा शामिल है। मुआवजे के बिना भी, राज्य जीएसटी राजस्व में 1.15 का उछाल देखा गया है। इसकी तुलना में, जीएसटी में सम्मिलित करों से राज्यों के राजस्व में जीएसटी से पहले चार साल की अवधि 2012-16 में मात्र 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई। उक्त अवधि के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 11.5 प्रतिशत थी, जो 0.72 की उछाल को दर्शाती है, जो कि 1 से काफी कम है।

*****

**अनुबंध**

## राज्यों को आईजीएसटी निपटान के विवरण (नियमित एवं तदर्थ)

(करोड़ रूपए में )

| राज्य कोड | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | वित्त वर्ष 2018-19 | वित्त वर्ष 2019-20 | वित्त वर्ष 2020-21 | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 (नवंबर, 23 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जम्मू एवं कश्मीर | 3,452 | 2,957 | 3,339 | 4,367 | 4,923 | 3,407 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 1,844 | 1,819 | 1,984 | 2,711 | 3,197 | 1,970 |
| 3 | पंजाब | 8,170 | 7,167 | 7,142 | 9,933 | 11,762 | 9,123 |
| 4 | चंडीगढ़ | 1,046 | 886 | 791 | 1,187 | 1,495 | 1,067 |
| 5 | उत्तराखंड | 1,030 | 1,077 | 1,485 | 2,381 | 2,767 | 1,961 |
| 6 | हरियाणा | 6,353 | 5,561 | 7,562 | 9,972 | 12,809 | 9,719 |
| 7 | दिल्ली | 8,608 | 7,897 | 7,673 | 11,999 | 14,665 | 10,698 |
| 8 | राजस्थान | 12,181 | 10,130 | 10,536 | 15,100 | 19,377 | 14,351 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 26,655 | 25,738 | 24,748 | 32,584 | 38,685 | 27,657 |
| 10 | बिहार | 10,419 | 9,979 | 10,801 | 13,293 | 15,841 | 11,614 |
| 11 | सिक्किम | 225 | 270 | 242 | 395 | 538 | 356 |
| 12 | अरूणाचल प्रदेश | 400 | 512 | 539 | 798 | 1,129 | 858 |
| 13 | नागालैंड | 373 | 469 | 476 | 643 | 736 | 495 |
| 14 | मणिपुर | 514 | 604 | 657 | 843 | 1,118 | 501 |
| 15 | मिजोरम | 347 | 397 | 421 | 565 | 662 | 452 |
| 16 | त्रिपुरा | 682 | 662 | 687 | 896 | 1,028 | 703 |
| 17 | मेघालय | 522 | 575 | 536 | 770 | 1,001 | 709 |
| 18 | असम | 4,841 | 4,556 | 4,721 | 6,005 | 7,458 | 5,668 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 12,482 | 10,898 | 11,251 | 14,057 | 17,537 | 12,443 |
| 20 | झारखंड | 3,122 | 2,928 | 3,129 | 3,376 | 3,676 | 2,251 |
| 21 | ओडीशा | 5,376 | 4,750 | 5,528 | 4,542 | 5,402 | 4,889 |
| 22 | छत्तीसगढ | 3,122 | 2,347 | 2,621 | 2,765 | 3,929 | 3,433 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 11,424 | 10,559 | 10,537 | 13,348 | 16,888 | 12,178 |
| 24 | गुजरात | 11,496 | 8,639 | 8,735 | 15,592 | 20,207 | 13,874 |
| 25 | दमन एवं दीव | 120 | 43 | 69 | 90 | 40 | 1 |
| 26 | दादरा नगर हवेली | 151 | 143 | 214 | 468 | 505 | 272 |
| 27 | महाराष्ट्र | 28,899 | 23,185 | 23,310 | 35,310 | 43,598 | 30,569 |
| 29 | कर्नाटक | 19,475 | 17,194 | 18,425 | 25,534 | 30,150 | 22,053 |
| 30 | गोवा | 1,109 | 954 | 885 | 1,438 | 1,575 | 1,129 |
| 31 | लक्षद्वीप | 11 | 17 | 19 | 23 | 37 | 53 |
| 32 | केरल | 12,849 | 10,627 | 10,939 | 14,098 | 16,877 | 11,451 |
| 33 | तमिलनाडु | 17,268 | 14,228 | 14,039 | 19,475 | 21,841 | 15,426 |
| 34 | पुडूचेरी | 552 | 401 | 451 | 590 | 698 | 603 |
| 35 | अंदमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | 195 | 217 | 215 | 238 | 301 | 206 |
| 36 | तेलंगाना | 12,788 | 11,098 | 12,040 | 15,890 | 21,131 | 13,697 |
| 37 | आंध्र प्रदेश | 11,849 | 11,081 | 10,601 | 13,766 | 16,048 | 11,662 |
| 38 | लद्दाख | - | - | 126 | 227 | 346 | 302 |
| | **कुल** | **2,39,948** | **2,10,562** | **2,17,477** | **2,95,269** | **3,59,977** | **2,57,796** |

## केंद्र से संबंधित आईजीएसटी के विवरण

(करोड़ रूपए में)

| वित्त वर्ष 2018-19 | वित्त वर्ष 2019-20 | वित्त वर्ष 2020-21 | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 (नवंबर, 23 तक ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2,65,518 | 2,83,491 | 2,65,601 | 3,48,966 | 4,24,180 | 3,09,309 |